भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 27.03.2023

महाप्रबंधक ने किया बोगीशॉप,फर्निशिंग एवं फिनिशिंगशॉप विजिट

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने फैक्ट्री परिसर का दौरा किया एवं दौरे के दौरान बोगीशॉप में तैयार हो रहे कोच बोगियों का निरीक्षण किया, बोगीशॉप में काम कर रहे अधिकारियों और कर्मचारियों से उत्पादन तकनीकों के संबंध में बात–चीत की जिससे उत्पादन को बढाया जा सके।

इसी कड़ी में महाप्रबंधक महोदय ने फर्निशिंगशॉप और फिनिशिंगशॉप का निरीक्षण किया। जहाँ विभिन्न रेलवे जोनों को निर्यात करने के लिए तैयार कोचों को देखा और कोचों की तकनीकी एवं गुणवत्ता को समझ कर कोचों की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

महाप्रबंधक महोदय, ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि विश्व स्तर पर स्थापित हो रहे नए–नए प्रतिमान एवं इनोवेशन पर ध्यान दिया जाए जिससे भविष्य में आरेडिका विश्व स्तरीय कोचों के उत्पादन में अग्रसर हो सके एवं प्रधानमंत्री तथा रेलमंत्री के सपनों को सकार करते हुए वन्देभारत, मैट्रो, डेमू ,मेमू जैसे कोचों का निर्माण करे।

इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

27/3/2023

(आर एन तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी